वर्ष 01 अंक 05 ब्यावर, 13 मार्च 2025, गुरुवार Email : vardhmannewsbwr@gmail.com पृष्ठ : 04 मूल्य : निःशुल्क

VARDHMAN NEWS™ VN NEWS पदमं नाणं तओ दया BEAWAR (RAJ.)

वर्द्धमान News

Digital Edition शिक्षा का उजियारा

होली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

वर्द्धमान में छाया होली का उल्लास

श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति ने बिखेरा उमंगों भरा रंग













वर्द्धमान न्यूज

ब्यावर। माथे पर लाल गुलाल का तिलक, मुख पर लाल-पीली गुलाल, गले में मल्टी-कलर्स राजस्थानी चुन्दड़ी का दुपट्टा, सिर पर पचरंगी पगड़ी, चंग की मधुर थाप पर थिरकते कदम, फाग-गीतों की धमाल में मस्ती से झूमते-गाते नगर के प्रबुद्ध समाजसेवी

फाल्गुन के मस्ती भरे महीने में ये नजारा है श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा संचालित वर्द्धमान इंटरनेशनल स्कूल प्रांगण का जहां मंगलवार को बरसों बाद पहली बार समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने जमकर आनन्द उठाया।

समिति के मंत्री डॉ. नरेन्द्र पारख ने होली पर्व की शुभकामनाएं देते हुए बताया कि भारतवर्ष में मनाए जाने वाले त्योहारों में होली का विशेष स्थान है। इसे रंगों के त्योहार या उल्लास के त्योहार के रूप में ही जाना जाता है। यह ना केवल रंगों और उल्लास का पर्व है, बल्कि सामाजिक समरसता, प्रेम, भाईचारे और बुराई पर अच्छाई की जीत का भी प्रतीक है। श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति ब्यावर के पदाधिकारियों एवं सदस्यगणों के लिए यह कार्यक्रम पहली बार इस प्रकार का विशिष्ट आयोजन सुनिश्चित किया गया।

इस कार्यक्रम में सर्वप्रथम समिति मंत्री डॉ.नरेंद्र पारख एवं चेन्नई से आए वरिष्ठ उपाध्यक्ष एम.गौतमचंद बोहरा द्वारा समस्त आगंतुक सदस्यों का गुलाल अबीर का तिलक लगाकर एवं गले में शानदार चुन्दड़ी दुपट्टा पहना कर स्वागत किया गया। उसके बाद सभी सदस्यों ने एक दुसरे के गुलाल लगाकर होली के उल्लास को साकार किया।

ब्यावर जिले के मशहूर चंग वादकों के साथ के.सुदामा मंडल के सुप्रसिद्ध गायक एवं प्रबंधकारिणी सदस्य महेंद्र सांखला ने एक से बढ़कर एक फाग-गीत एवं भजनों की प्रस्तुति से समा बांध दिया।

चंग की थाप एवं फाग-गीतों पर मौजूद सदस्य मस्ती से झूम उठे। कार्यक्रम का समापन स्पेशल ठंडाई एवं अल्पाहार के साथ हुआ।

कार्यक्रम में श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति ब्यावर के डॉ. नरेन्द्र पारख, एम. गौतमचंद बोहरा, गौतमचंद गोखरु, प्रकाशचंद गदिया, सुनिल कुमार ओस्तवाल, रमेशचंद मेड़तवाल, दीपचंद कोठारी, चंदूलाल कोठारी, देवराज लोढा, उत्तमचंद देरासरिया,किस्तूरचंद डोसी,महेन्द्र साँखला, अरविन्द मूथा, निर्मल कुमार मेहता, प्रिंस ओस्तवाल, वैभव सुखलेचा, प्रवीण खेतपालिया, धनपत राज श्री श्रीमाल, शैलेन्द्र सोगानी, वर्द्धमान कॉलेज प्राचार्य एवं शैक्षणिक निदेशक डॉ.आर.सी लोढा सहित समिति कार्यालय प्रभारी ईशान, प्रबंधक नेहा जैन, खुशबू, पीआरओ बबलू अग्रवाल, टेक्नीशियन राहुल सहित वर्द्धमान परिवार के बड़ी संख्या में सदस्य मौजूद रहे।













संकल्पों का शंखनाद करते
समिति अध्यक्ष श्री शांतिलाल नाबरिया









होली सेलिब्रेशन @ वर्द्धमान रूट्स





वर्द्धमान न्यूज

ब्यावर। श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा संचालित शिक्षण संस्थान वर्द्धमान इंटरनेशनल स्कूल वर्द्धमान रूट्स में विद्यार्थियों, अध्यापिकाओं व कर्मचारियों के लिए होली स्नेह मिलन का आयोजन किया गया। इस विशेष आयोजन में सबने उत्साह पूर्वक भाग लिया। रूट्स के बच्चों ने आपस में रंग लगाकर कर रंगों का त्योहार होली बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया। अध्यापिकाओं एवं कर्मचारियों ने एक साथ मिलकर होली के रंगों में सराबोर होकर भारतीय संस्कृति का उत्सव मनाया।

प्राचार्या श्रीमति श्वेता नाहर ने कहा कि होली ना केवल रंगों का त्योहार है, बल्कि यह सौहार्द, भाईचारे और भारतीय संस्कृति का प्रतीक भी है। उन्होंने कहा कि इस पर्व का उद्देश्य समाज में प्रेम और सद्भावना बनाए रखना है।

हमें होली पर सामाजिक एकता और सद्भाव का संदेश देना चाहिए ताकि समाज में खुशहाली बनी रहे।








गोठी स्कूल में मनाई होली





वर्द्धमान न्यूज

ब्यावर। श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा संचालित भँवरलाल गोठी पब्लिक सी. सै. विद्यालय में रंगों का त्योहार होली का त्यौहार हर्षोल्लास से मनाया गया। इसमें विद्यालय के समस्त छात्र-छात्राओं ने गुलाल से विद्यालय प्रांगण में होली खेली। जिसमें छात्र-छात्राओं ने होली के पारंपरिक गीतों पर मनमोहक प्रस्तुतियां दी। तत्पश्चात विद्यालय अध्यापिकाओं अध्यापकों द्वारा होली के पर्व पर अग्रिम स्नेह मिलन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें अध्यापकों द्वारा होली के गीत गाकर समस्त अन्य स्टाफ को होली के पावन पर्व की अग्रिम शुभकामनाएं प्रेषित की। अध्यापिकाओं द्वारा फागु न के गीतों पर नृत्य की प्रस्तुति देकर आपसी भाईचारे का संदेश दिया।

प्राचार्य धर्मेन्द्र कुमार शर्मा ने समस्त विद्यार्थियों एवं शाला परिवार के सभी सदस्यों को होली की शुभकामनाऐं दी और साथ ही विद्यार्थियों को होली के रंगों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि आजकल बाजार में नकली रंगों का बोलबाला है इसलिए ऐसे रंगों के उपयोग से परहेज कर अपनी त्वचा व आखों को सुरक्षित रखें। उपप्राचार्या सुनीता चौधरी ने होली पर्व के उपलक्ष में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि होली भारत का एक प्रमुख त्यौहार है। इसे बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मनाना चाहिए तथा साथ ही विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षाओं को मध्यनजर रखते हुए अपनी पढ़ाई नियमित रुप से करने की सलाह दी। श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति के मंत्री डॉ नरेंद्र पारख एवं शैक्षणिक निदेशक डॉ आर.सी लोढा ने रंग और उमंग के पर्व होली की शुभकामनाएं प्रेषित की।



नाज में महिला दिवस पर हुई संगोष्ठी



वर्द्धमान न्यूज

ब्यावर। श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा संचालित श्री नृसिंह अग्रसेन जैन विद्यापीठ(नाज) में महिला दिवस पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर, समस्त नाज स्टाफ की महिलाओं ने हेल्थ और न्यूट्रिशन पर एक महत्वपूर्ण चर्चा की, जिसमें उन्होंने अपने स्वास्थ्य और पोषण के बारे में जानकारी साझा की। प्रिंसिपल डॉ निवेदिता पाठक ने इस अवसर पर नारी शक्ति के महत्व पर प्रकाश डाला और देश में महिलाओं के योगदान पर चर्चा की।

उन्होंने महिलाओं को उनके अधिकारों और सशक्तिकरण के बारे में जागरूक करने का आह्वान किया। इस कार्यक्रम में समस्त नाज स्टाफ की महिलाओं ने भाग लिया और अपने विचारों और अनुभवों को साझा किया। यह कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण और नारी शक्ति के महत्व को बढ़ावा देने के लिए आयोजित किया गया था।





HAPPY Holi
FESTIVAL OF COLORS

वर्द्धमान फैशन डिजाइनिंग एंड मेकअप आर्टिस्ट विंग में होली सेलिब्रेशन







वर्द्धमान न्यूज

ब्यावर। श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा संचालित वर्द्धमान फैशन डिजाइनिंग एंड मेकअप आर्टिस्ट विंग में होली सेलिब्रेशन रखा गया।

विंग प्रभारी छवि गरवाल ने जानकारी देकर बताया कि कार्यक्रम में सर्वप्रथम भगवान गणपति की प्रतिमा के अबीर-गुलाल का तिलक लगाकर पूजा अर्चना की गई। उसके पश्चात समस्त संकाय सदस्यों, कर्मचारियों एवं छात्राओं ने एक दूसरे पर स्नेह रूपी गुलाल लगाकर होली मनाई।



हर्बल गुलाल की है विदेशों में भी डिमांड

होली एक ऐसा त्योहार है जिसमें बड़े-छोटों का भेद मिट जाता है तो गिले-शिकवे भूलकर दुश्मन भी गले मिल जाते हैं। रंग-गुलाल से धरती-आसमान लाल हो जाते हैं और ढोल-झाल की ताल पर जमकर धमाल होता है। त्योहार के बाद भी आपकी खुशियां बरकरार रहे इसके लिए जरूरी है कि केमिकल मिले रंग-गुलाल से बचा जाए, ऐसे में गया में तैयार हो रहा हर्बल गुलाल की डिमांड अब विदेशों में भी हो रही है।

फूलों से तैयार होता है गुलाल...

प्रकृति का श्रृंगार कहे जानेवाले होली के त्योहार को हर्बल रंग-गुलाल का उपहार देकर गया के ढुंगेश्वरी लारपुर की महिलाओं ने इसे और रंगीन बना दिया है।

बाजार में बिक रहे केमिकल भरे रंग-गुलाल की जगह सब्जियों की पत्तियों और फूलों से तैयार ये हर्बल गुलाल वाकई कमाल का है। पालक के पत्ते, सेम के पत्ते, पलाश के फूल, गेंदे के फूल और गुलाब के फूल से तैयार हो रहा ये हर्बल गुलाल विदेशों तक धमाल मचा रहा है। कैसे तैयार होता है हर्बल गुलाल... हर्बल गुलाल बनानेवाली मुन्नी देवी बताती हैं कि हर्बल गुलाल बनाने के लिए सब्जियों की पत्तियों या फिर फूलों को उबालकर उसमें अररोट मिलाकर गूंथा जाता है और फिर मिश्रण को सूखने के लिए धूप में डाल देते हैं। जब मिश्रण सूख जाता है, तो पलवलाइजर मशीन में डाल देते हैं और फिर निकलता है पूरी तरह से प्राकृतिक हर्बल गुलाल।

अलग-अलग चीजों का इस्तेमाल.

हर्बल गुलाल बनानेवाली महिलाएं बताती हैं कि वे कई रंगों के गुलाल तैयार करती हैं। हरे गुलाल के लिए पालक और सेम के पत्तों का इस्तेमाल होता है तो पीले गुलाल के लिए गेंदे का फूल इस्तेमाल किया जाता है। इसी तरह लाल गुलाल के लिए पलाश के फूल और गुलाबी के लिए गुलाब के फूलों का इस्तेमाल किया जाता है। गुलाल को सुगंधित बनाने के लिए उसमें थोड़ा चेहरे पर लगाने वाला पाउडर मिलाया जाता है, जो सत्यापित ब्रांडेड कंपनी का होता है।

विदेशों में भी डिमांड

ढुंगेश्वरी लारपुर में तैयार हो रहा हर्बल गुलाल की मांग पूरे भारत में तो है ही, विदेशों में भी इसकी जबरदस्त डिमांड है। पिछले साल यह हर्बल गुलाल दिल्ली स्थित अमेरिका एंबेसी के माध्यम से अमेरिका तक गया था। वहां रहने वाले भारतीयों की यह पहली पसंद है। इस बार भी इसे अमेरिका सहित कई दूसरे देशों में सप्लाई की तैयारी चल रही है।

केमिकल से बचिये

होली को लेकर बाजार में कई तरह के केमिकल युक्त रंग-गुलाल बिक रहे हैं। रंगों में मिले केमिकल के इस्तेमाल से आंखों और स्किन में एलर्जी के साथ-साथ सांस लेने में दिक्कत जैसी गंभीर समस्याएं भी हो सकती हैं। ऐसे में आपके लिए हर्बल गुलाल बेहतर हो सकता है तो केमिकल से बचिये, हर्बल अपनाइये और होली की खुशियां जमकर मनाइये।



सामाहिक
वर्द्धमान News
Digital Edition शिक्षा का उजियारा
Education is the most
Powerful weapon which you
Can use to change the world
ब्यावर
13 मार्च 2025, गुरुवार





उड़त गुलाल लाल भयो अंगना..

• वर्द्धमान गर्ल्स कॉलेज में होली सेलिब्रेशन • रंग और उमंग के अनूठे त्योहार होली का उल्लास







वर्द्धमान न्यूज

ब्यावर। श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा संचालित श्री वर्द्धमान कन्या पीजी महाविद्यालय परिसर में छा गया। होली की छुट्टियों पर जाने से पहले मंगलवार को कॉलेज केम्पस में होली सेलिब्रेशन किया गया।

म्यूजिक सिस्टम में बजते होली के गीतों पर झूमते हुए कॉलेज की स्टूडेंट ने एक दूसरे के गुलाल मलकर जमकर आनंद उठाया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ आर.सी.लोढा एवं संकाय सदस्यों एवं छात्राओं ने एक दूसरे के तिलक लगाकर एवं गुलाल लगाकर होली मनाई। कार्यक्रम में श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति के मंत्री डॉ.नरेन्द्र पारख ने होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि होली का पर्व ना केवल रंगों और उल्लास का पर्व है बल्कि रिश्तों को मजबूत करने का जरिया भी है।

आधुनिक समय में जहां परिवारों में दूरी और व्यस्तता बढ़ रही है, होली जैसे पर्व उन्हें एक साथ लाने का कार्य करते हैं। यह केवल एक त्योहार नहीं है, बल्कि एक ऐसा समय है जब परिवार एकजुट होकर एक साथ अच्छे समय का आनंद लेता है और अपने संबंधों को और प्रगाढ़ करता है।

कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ आर.सी.लोढा, समिति मंत्री डॉ.नरेन्द्र पारख, अकादमिक प्रभारी डॉ.नीलम लोढा, समस्त संकाय सदस्य, कर्मचारीगण एवं बड़ी संख्या में महाविद्यालय की छात्राएं उपस्थित रही।



हर्षोल्लास से मनाया होली महापर्व





वर्द्धमान न्यूज

ब्यावर। श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा संचालित श्री नृसिंह अग्रसेन जैन विद्यापीठ में होली का जश्न

ब्यावर के सेंदड़ा रोड स्थित श्री नृसिंह अग्रसेन जैन विद्यापीठ (नाज) में होली का महापर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती जी, महावीर स्वामी जी और होली की पूजा अर्चना से हुई। विद्यार्थियों ने राधा कृष्ण के रूप धारण किए और सुंदर नृत्य प्रस्तुतियां दीं। शिक्षकों और विद्यार्थियों ने होली के बारे में अपने विचार साझा किए। शिक्षिकाओं ने होली दहन पर एक लघु नाटिका प्रस्तुत की, जिसने विद्यार्थियों को मंत्रमुग्ध कर दिया एवं होली का महत्व बताया गया।

अंत में, समस्त नाज सदस्यों और विद्यार्थियों ने मिलकर होलिका दहन किया और फूलों के साथ होली खेली। श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति के मंत्री डॉ नरेंद्र पारख एवं अकादमिक डायरेक्टर डॉ आर. सी. लोढ़ा ने सभी को होली की शुभकामनाएं दी गई एवं कार्यक्रम की सफलता के लिए बधाई प्रेषित की।









